समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !
नाशिक | Tuesday, 18 August 2026

# खोरा मीणा गांव मे प्रेम प्रकाश मीणा निर्विरोध बने आदिवासी मीणा कर्मचारी सेवा संघ के इकाई अध्यक्ष।

Publisher
Published on 02 Jun 2025



## आमेर की खोरा मीणा ग्राम पंचायत मे आदिवासी मीणा कर्मचारी सेवा संघ की नई इकाई का गठन, सर्वसम्मति से प्रेम प्रकाश मीणा अध्यक्ष नियुक्त।

सवांदाता,खोरा

मीणा,आमेर,जयपुर

**खोरा मीणा,आमेर,जयपुर :** आज **दिनांक 01 जून 2025** को **आदिवासी मीणा कर्मचारी सेवा संघ आमेर** के तत्वावधान में **ग्राम पंचायत खोरा मीणा (तहसील आमेर, जिला जयपुर)** में संघ की ग्राम इकाई की बैठक आयोजित की गई। इस दौरान **श्री प्रेम प्रकाश मीणा, पुत्र स्व. श्री डूंगरसिंह मीणा** को सर्वसम्मति से ग्राम इकाई अध्यक्ष नियुक्त किया गया।

### स्वागत और शपथ ग्रहण

संघ के अध्यक्ष द्वारा प्रेम **प्रकाश मीणा** का माला पहनाकर स्वागत किया गया तथा उन्हें ग्राम इकाई अध्यक्ष पद की शपथ भी दिलाई गई। शपथ ग्रहण के उपरांत प्रेम प्रकाश मीणा ने सभी सदस्यों व पदाधिकारियों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि वे संगठन की नीतियों और उद्देश्यों को पूरी निष्ठा से आगे बढ़ाएंगे।

### प्रमुख पदाधिकारियों की उपस्थिति

इस अवसर पर संघ के संरक्षक **श्री रामफूल मीणा, अध्यक्ष कैलाश चंद मीणा, सचिव महेद्रं मीणा, कोषाध्यक्ष मूलचंद मीणा, साथ ही प्रहलाद मीणा, देशराज मीणा, रमेश चंद्र मीणा, गिर्राज मीणा, बेनी प्रसाद मीणा,** और **मांगीलाल मीणा** जैसे वरिष्ठ

पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**संगठन का उद्देश्य**

**आदिवासी मीणा कर्मचारी सेवा संघ** का उद्देश्य समाज के **उत्थान, एकता,** और **कर्मचारियों** के हितों की रक्षा करना है। ग्राम इकाई का गठन इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

१. **खोरा मीणा ग्रामपंचायत मे आंदिवासी मीणा कर्मचारी सेवा संघ की ग्राम इकाई का गठन**.
२. **सर्वसम्मति से प्रेम प्रकाश मीणा बने ग्राम इकाई अध्यक्ष**।
३. **संगठन पदाधिकारियों की उपस्थिति मे शंपथ ग्रहण एवं स्वागत समारोह सम्पन्न**।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.